सभी पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे एवं सामाजिक सौहार्द के प्रतीक है- संजीव त्यागी

बस्ती,। आगामी दीपावली, लक्ष्मी प्रतिमा विसर्जन एवं छठ पूजा पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सकुशल वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इस संबंध में बुधवार को पुलिस लाइन सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस उप महानिरीक्षक संजीव त्यागी ने की। इसमें जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में आगामी त्योहारों के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, यातायात नियंत्रण, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, अग्निशमन व्यवस्था तथा प्रतिमा विसर्जन एवं छठ पूजा स्थलों पर श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़ी तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। पुलिस उप महानिरीक्षक संजीव त्यागी ने कहा कि सभी पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे एवं सामाजिक सौहार्द के प्रतीक हैं। इन्हें शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी विभागीय अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए समय रहते सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि त्योहारों के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह सक्रिय रखी जाएं। सभी सरकारी अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों को क्रियाशील रखते हुए चिकित्सकों तथा पैरामेडिकल स्टाफ की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित की जाए। आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध रहें तथा एंबुलेंस की व्यवस्था भी सक्रिय रखी जाए। उन्होंने अग्निशमन विभाग को निर्देशित किया कि फायर ब्रिगेड की गाड़ियां अलर्ट मोड पर रहें, ताकि



किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में तत्काल कार्रवाई की जा सके। उन्होंने संबंधित विभागों को यह भी निर्देश दिया कि सार्वजनिक स्थलों, पूजा स्थलों और घाटों पर साफ-सफाई, पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था समय से सुनिश्चित की जाए। लक्ष्मी प्रतिमा विसर्जन स्थलों पर बैरिकेडिंग, सुरक्षा एवं भीड़ नियंत्रण के समुचित प्रबंध किए जाएं। जलाशयों एवं नदियों में विसर्जन के दौरान गोताखोरों, नाव एवं बचाव दल की व्यवस्था उपलब्ध रहे। छठ पूजा के दौरान घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए।

पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि त्योहारों के दौरान संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाए। सभी पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्र में सतर्क दृष्टि रखते हुए पूरी जिम्मेदारी एवं तत्परता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। प्रतिमा विसर्जन जुलूसों के निर्धारित मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा भीड़ नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। शांति व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वाले अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखते हुए उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि लक्ष्मी प्रतिमा विसर्जन का कार्यक्रम आगामी 10, 11 एवं 12 नवम्बर को प्रस्तावित है। इसके दृष्टिगत सभी संबंधित अधिकारी विसर्जन स्थलों एवं निर्धारित मार्गों का पूर्व निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित कर लें, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और विसर्जन कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल, सहायक पुलिस अधीक्षक सुश्री मानसी दहिया, डी0एफ0ओ0 डा0 शिरीन, अपर जिलाधिकारी ज्ञानचन्द गुप्ता, सीआरओ कीर्ति प्रकाश भारती, अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकान्त, आबकारी अधिकारी राजेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक संजय सिंह, सहायक आयुक्त खाद्य चितरंजन कुमार, अधिशासी अभियन्ता पी0डब्लू0डी0 संजीव कुमार, एस0ई0 विद्युत मो0 खालिद, उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार, उमाकान्त तिवारी, राजेश यादव, अहमद फरीद खान सहित संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

तोड़ दिया घर की दीवार, पीड़ित ने लगायी न्याय की गुहार

बस्ती। मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के हथिरजा गांव में घर की दीवार तोड़कर ईंटें निकाल ले जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध



में पीड़ित नबीउल्लाह पुत्र मोहम्मद युनुस ने आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराकर न्याय की गुहार लगाई है।

शिकायत में पीड़ित ने कहा है कि गत 3 नवम्बर की रात करीब दो बजे गांव के ही वसीउल्लाह पुत्र वलीउल्लाह और उनकी पत्नी सहित अन्य लोगों ने कथित रूप से साजिश के तहत उनके घर की मजबूत दीवार को हथौड़ी से तोड़ दिया और उसमें लगी ईंटें निकालकर ले गए। इससे मकान की दीवार क्षतिग्रस्त हो गई। पीड़ित के मुताबिक, उनका परिवार रोजी-रोटी के सिलसिले में मुंबई में रहता है। इसी का फायदा उठाकर आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया। पीड़ित ने आईजीआरएस के जरिए प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

दलित जन्मेजय की मौत को लेकर आक्रोश: भीम युवा वाहिनी ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

बस्ती। बुधवार को भीम युवा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनू राव एवं प्रदेश अध्यक्ष अजय राव उर्फ प्रमोद, समाजसेवी रवि प्रकाश के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर लालगंज थाना क्षेत्र के दलित जन्मेजय के मौत मामले में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग किया। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि 15 नवम्बर तक उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं हुई तो वे पीड़ित परिवार के समर्थन में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने को बाध्य होंगे।

डीएम को सौंपे ज्ञापन में थाना लालगंज में दर्ज मुकदमा संख्या 0279/2026 में धाराओं में संशोधन करने, फरार महिला आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी कराने तथा मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है। ज्ञापन के मुताबिक, ग्राम थाल्हापार निवासी राम बहाल के पुत्र जन्मेजय पर 26 अक्टूबर 2026 को गांव में कुछ लोगों द्वारा लाठी-डंडों और फावड़े से हमला किए जाने का आरोप है। हमले में गंभीर रूप से घायल जन्मेजय की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले में थाना लालगंज में 27 अक्टूबर को मुकदमा



दर्ज कराया गया था।

संगठन के पदाधिकारियों सोनू राव, अजय राव उर्फ प्रमोद का कहना है कि वर्तमान मुकदमे में लगी धाराओं में आवश्यक संशोधन किया जाए तथा 3 (1) (द) के स्थान पर धारा 3 (2) (वी) एससी/एसटी एक्ट की संबंधित धाराएं भी जोड़ी जाएं। इसके साथ ही फरार महिला आरोपी की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। मामले की निष्पक्ष जांच के लिए वर्तमान थाना प्रभारी को हटाकर किसी अन्य वरिष्ठ एवं निष्पक्ष अधिकारी से जांच कराने की मांग भी की गई है।

भीम युवा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनू राव, प्रदेश अध्यक्ष अजय राव उर्फ प्रमोद और समाजसेवी रवि प्रकाश ने कहा कि पीड़ित परिवार बेहद गरीब है। परिवार को न्याय दिलाने के साथ आर्थिक रूप से मजबूत करना भी जरूरी है। उन्होंने मांग की कि पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, एक करोड़ रुपये का आर्थिक मुआवजा तथा बस्ती शहर में एक एकड़ जमीन उपलब्ध कराई जाए, ताकि परिवार को भविष्य में आर्थिक संकट का सामना न करना पड़े।

नेताओं ने स्पष्ट कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय और उचित मुआवजा दिलाने के लिए संगठन पूरी मजबूती से खड़ा है। यदि प्रशासन ने 15 नवंबर 2026 तक मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की तो संगठन के लोग समर्थकों के साथ अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

ज्ञापन सौंपने के दौरान विपिन राव, सुनील, प्रमिला, राम बहाल, संतोष कुमार, राम भजन, सर्वेश कुमार सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जमीनी स्तर पर प्रयास तेज करें रालोद कार्यकर्ता-जयन्त चौधरी

बस्ती। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय मंत्री जयन्त चौधरी ने बुधवार को पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में पूरी ताकत से जुटने का आह्वान किया। उन्होंने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह सहित पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती के लिए जमीनी स्तर पर प्रयास तेज करने का संदेश दिया।

जयन्त चौधरी ने कहा कि विधानसभा चुनाव नजदीक है। ऐसे में संगठन को मजबूत बनाने के लिए जमीनी स्तर पर प्रयास और तेज किए जाएं। कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ क्षेत्र में सक्रिय रहें और पार्टी की नीतियों एवं विचारों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं। चुनाव की तैयारियों में किसी तरह की ढिलाई नहीं होनी चाहिए। संगठन की मजबूती के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा।

जयंत चौधरी ने प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह के साथ लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पर चर्चा की। उन्होंने संगठन मजबूत करने



और पार्टी की गतिविधियां आगे बढ़ाने के निर्देश दिए।

इस दौरान राधेश्याम चौधरी, सुनील पाण्डेय, दीपक मिश्रा, अजय सिंह, विवेक चौधरी, बब्बू खान, अतुल सिंह, पप्पू यादव, सौरभ सिंह, राजेश सिंह, वकास भाई, इस्तखार अहमद, रहमान खान, जंगबहादुर चौधरी, रवि तिवारी और दीपक पांडे सहित अन्य पार्टी नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री के संदेश को गंभीरता से लेते हुए संगठन को मजबूत बनाने और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर क्षेत्र में सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने पार्टी के संगठनात्मक विस्तार और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

जयन्त चौधरी का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री जयन्त चौधरी का बुधवार को पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं ने बड़े वन के निकट प्रदेश महासचिव और रूधौली विधानसभा क्षेत्र से प्रबल दावेदार अरूणेन्द्र पटेल के नेतृत्व में फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। वे सड़क मार्ग से गोरखपुर जा रहे थे।पार्टी नेताओं का उत्साहवर्धन करते हुये राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री जयन्त चौधरी ने कहा कि विधानसभा चुनाव सिर पर है। संगठन की मजबूती के लिये जमीनी धरातल पर प्रयास और तेज किया जाय। स्वागत करने वालों में सुरेन्द्र चौधरी श्री राम मौर्य मुन्नीलाल मास्टर रामकृपाल चौहान अभय पटेल नागेंद्र कुमार प्रदीप चौधरी गोरखनाथ चौधरी इंद्र बहादुर यादव शिवराम चौधरी उमेश कनौजिया शाहिद , रियाजुद्दीन सहित सैकड़ो की संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड रुधौली में संस्थापक जमनालाल बजाज की जयंती पर अर्पित किया श्रद्धासुमन

बस्ती। बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड, इकाई रुधौली के प्रांगण में आज महान स्वतंत्रता सेनानी एवं बजाज समूह के संस्थापक पूज्य श्री जमनालाल बजाज जी की जयंती अत्यंत श्रद्धा एवं गरिमामयी वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ इकाई प्रमुख रुधौली डॉ. जय प्रकाश त्रिपाठी एवं इकाई प्रमुख (आसवनी) श्री अजय कुमार अवस्थी ने दीप प्रज्वलित कर तथा श्री जमनालाल बजाज जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया।

इस अवसर पर संस्थान के सभी विभागों के प्रमुख एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जोनल हेड मानव संसाधन श्री नरेंद्र कुमार शुक्ल, यांत्रिकी प्रमुख श्री श्रवण कुमार, गन्ना प्रमुख श्री लवकुश सिंह चौहान, वरिष्ठ गन्ना अधिकारी श्री बाल सिंधु पांडे गगन, लेखा प्रमुख श्री सुनील कुमार, सेल्स प्रमुख श्री गोपाल कृष्ण शुक्ल, यांत्रिकी प्रमुख (आसवनी) श्री अतुल कुमार झा और उत्पादन प्रमुख आसवनी श्री मनीष झा सहित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए इकाई प्रमुख रुधौली डॉ. जय प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि श्री जमनालाल बजाज जी केवल एक सफल उद्योगपति ही नहीं थे, बल्कि वे सच्चे राष्ट्रभक्त और समाज सुधारक थे। उन्होंने व्यापार में



नैतिकता, ईमानदारी और सामाजिक सरोकार को सर्वोच्च स्थान दिया। पूज्य जमनालाल जी के आदर्शों पर आज बजाज समूह जिस वटवृक्ष के रूप में खड़ा होकर किसानों व समाज की सेवा कर रहा है, उसकी नीव ही टिकी है। उनका प्रेरणादायी जीवन और विचार सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए सीनियर गन्ना अधिकारी श्री बाल सिंधु पांडे गगन ने कहा कि संस्थापक श्री जमनालाल बजाज जी की सोच हमेशा से ग्रामीण भारत और किसानों को सशक्त बनाने की रही है।

आज हम उनके दिखाए रास्ते पर चलते हुए गन्ना किसानों की उन्नति, समयबद्ध सहयोग और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निरंतर समर्पित हैं। उनके सिद्धांत हम सभी कर्मचारियों को कार्यस्थल पर ईमानदारी और निष्ठा से सेवा करने की प्रेरणा देते हैं।

शिवराज सिंह चौहान की माताजी के निधन पर दी श्रद्धांजलि

बस्ती। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की माताजी के निधन पर आम जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रमेश चौहान एवं राष्ट्रीय महासचिव धर्मेन्द्र सिंह चौहान भोपाल स्थित उनके आवास पहुंचे। दोनों नेताओं ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा को श्रीचरणों में स्थान देने और परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।



प्रदेशीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बस्ती मण्डल का दबदबा

बस्ती। प्रयागराज के मदन मोहन मालवीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में 30 अक्टूबर से तीन नवंबर तक आयोजित 70वीं प्रदेशीय विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बस्ती मंडल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विभिन्न आयु वर्गों की स्पर्धाओं में मंडल की चार छात्राओं ने प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल कर रजत पदक अपने नाम किया।

प्रतियोगिता में आर्य कन्या इंटर कॉलेज बस्ती की छात्रा ज्योति गुप्ता ने 100 मीटर दौड़ में रजत पदक हासिल किया। वहीं नेशनल इंटर कॉलेज हर्रैया की काजल ने अंडर-19 वर्ग की जैवलिन थ्रो स्पर्धा में प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया। औद्योगिक विकास इंटर कॉलेज बिहरा की आशू ने अंडर-17 डिस्कस थ्रो तथा आरडी कॉन्वेंट चिलमा बाजार की अनुष्का ने अंडर-14 वर्ग की 200 मीटर दौड़ में दूसरा स्थान प्राप्त कर मंडल का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में बस्ती जिले के शारीरिक शिक्षक प्रभाकर रंजन ओझा ने



निर्णायक की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं मंडलीय क्रीड़ा सचिव अमित कुमार यादव, अजय कुमार वर्मा, संतोष कुमार पाण्डेय, अमरनाथ मौर्य और हरीश सिंह सहित अन्य खेल शिक्षकों ने प्रतियोगिता स्थल पर मौजूद रहकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

जिला विद्यालय निरीक्षक संजय सिंह ने कहा कि प्रदेशीय प्रतियोगिता में बस्ती मंडल की छात्राओं का शानदार प्रदर्शन जिले और मंडल के लिए गर्व की बात है। खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, लगन और खेल प्रतिभा से यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने पदक विजेता छात्राओं, उनके प्रशिक्षकों और शारीरिक शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि खेलों में बेहतर प्रदर्शन के लिए विद्यार्थियों को निरंतर प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि वे मंडल और प्रदेश का नाम रोशन करने के साथ राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना सकें।

ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दम

बस्ती। उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ोखर के परिसर में बुधवार को रामनगर ब्लॉक की ब्लॉक स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में ब्लॉक के विभिन्न न्याय पंचायतों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विभिन्न खेल स्पर्धाओं में खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्राथमिक शिक्षक संघ रामनगर के अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह एवं एआरपी गणित हरिकृष्ण उपाध्याय उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का आयोजन विनोद कुमार एवं दिलीप कुमार द्विवेदी के संयोजन में किया गया। खो-खो बालिका वर्ग में न्याय पंचायत बड़ोखर ने प्रथम



तथा नरखोरिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में बड़ोखर प्रथम और कलंदर नगर द्वितीय स्थान पर रहा। कबड्डी बालक वर्ग में बड़ोखर ने प्रथम तथा घोषण ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं बालिका वर्ग में बड़ोखर प्रथम और नरखोरिया द्वितीय स्थान पर रहा। दौड़ प्रतियोगिता के 50 मीटर में क्रांति ने प्रथम और आफरीन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में बड़ोखर की निशु प्रथम तथा शंकरपुर की क्रांति द्वितीय रहीं। 200 मीटर बालक वर्ग में शंकरपुर के शिवा ने प्रथम और तुसायल के हरिओम ने द्वितीय स्थान हासिल किया। बालिका वर्ग में बड़ोखर की सविता प्रथम तथा रामनगर के अंकित मौर्य द्वितीय स्थान पर रहे। लंबी कूद बालक वर्ग में घोषण के विपिन ने प्रथम तथा शंकरपुर के अभय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में बड़ोखर की अंशिका प्रथम और शंकरपुर की क्रांति द्वितीय स्थान पर रहीं।

कार्यक्रम में जाकिर हुसैन, दिनेश चौरसिया, अनिल मौर्य, अमरेज यादव, अनूप कुमार, अमरजीत, प्रदीप कुमार, सत्यम, अभिषेक कुमार, गौतम कुमार, रामविलास, नरेंद्र भारती एवं प्रमोद पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

सघन सहाकारी समितियों का किया निरीक्षण

बस्ती। जिलाधिकारी के निर्देश पर खण्ड बनकटी एवं सॉऊघाट के सघन सहाकारी समितियों को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सजनाखोर क्षेत्रीय सहकारी



समिति लि0 के सचिव राम सरन चौधरी समिति पर उर्वरक का वितरण पी0ओ0एस0 मशीन के माध्यम से किया जा रहा था सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि आज उर्वरक की बिक्री यूरिया 1.800 मै0टन0, डी0ए0पी0 1.2 मै0टन का किया गया। समिति रोस्टर के अनुसार सोमवार, बुद्धवार एवं शुक्रवार को खुलती है। सघन सहकारी समिति बोकनार सोभनपार विकास खण्ड बनकटी के निरीक्षण के दौरान सचिव श्री विन्देश्वरी पाण्डेय उपस्थित रहें यह समिति प्रतिदिन खुलती है। सचिव द्वारा समिति पर कृषको को यूरिया एवं डी0ए0पी0 की बिक्री की जा रही थी आज की बिक्री यूरिया 05.490 मै0टन, डी0ए0पी0 7.2 मै0टन होना अवगत कराया गया।

सघन सहकारी समिति चित्राखोर गंगौरी विकास खण्ड बनकटी के सचिव श्री प्रदीप कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि समिति पर वर्तमान समय में यूरिया 2 बोरी, डी0ए0पी0 2 बोरी स्टाक उपलब्ध है। सचिव द्वारा 03 सघन समितियों का प्रभार प्राप्त है। जिसे वह रोस्टर के अनुसार विक्री का कार्य किया जा रहा है। विकास खण्ड के अन्य समितियों पर पहुचें पर सचिवों से दूरभाष से वार्ता में अवगत कराया गया कि वह रोस्टर के अनुसार समितियों खोलकर उर्वरक वितरण का कार्य किया जा रहा।

रेडक्रॉस सोसाइटी की कार्यकारिणी बैठक में पांच उपसमितियों का गठन

बस्ती,। रेडक्रॉस सोसाइटी, बस्ती की कार्यकारिणी बैठक 1 नवंबर 2026 को आयोजित हुई। बैठक में संगठन के कार्यों को विस्तार देने, मानवता एवं समाजसेवा की भावना को बढ़ावा देने और जनहितकारी गतिविधियों को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में संतोष सिंह के ए.जी.एम पद से इस्तीफे के बाद उनके स्थान पर उमेश कुमार श्रीवास्तव को नया ए.जी.एम बनाए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। इसके साथ ही रेडक्रॉस की गतिविधियों को गति देने के लिए पांच उपसमितियों का गठन कर कार्यकारिणी सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। गठित उपसमितियों में चिकित्सा समिति का प्रभारी राहुल श्रीवास्तव, शिक्षा समिति का प्रभारी इमरान अली, आपदा प्रबंधन समिति का प्रभारी अशोक सिंह तथा महिला एवं बाल कल्याण समिति का प्रभारी मुस्लिमा खातून को बनाया गया। वहीं, यूथ एवं जूनियर रेडक्रॉस समिति की जिम्मेदारी उमेश कुमार श्रीवास्तव को सौंपी गई। इस प्रकार उमेश कुमार श्रीवास्तव को ए.जी.एम पद के साथ यूथ एवं जूनियर रेडक्रॉस समिति का प्रभार भी दिया गया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने इन प्रस्तावों पर सर्वसहमति व्यक्त करते हुए उन्हें पारित किया। सचिव रंजीत श्रीवास्तव ने कहा कि उपसमितियों के गठन से स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा, आपदा राहत, महिला एवं बाल कल्याण तथा युवाओं की सहभागिता के क्षेत्र में रेडक्रॉस की भूमिका और मजबूत होगी।

भानपुर में पांच माह में ही उखड़ने लगीं सड़कें, निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल

बस्ती। नगर पंचायत भानपुर में विकास कार्यों की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। नगर पंचायत क्षेत्र के ग्राम बेदौला और नौगड़वा में हाल ही में निर्मित सड़कें कुछ ही महीनों में क्षतिग्रस्त होने लगी हैं। कहीं सड़क उखड़ रही है तो कहीं निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए भाजपा मण्डल कार्यसमिति सदस्य एवं नगर पंचायत भानपुर क्षेत्र के निवासी मनोज सिंह ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर दोनों सड़कों की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय तकनीकी जांच कराने की मांग की है। भाजपा नेता मनोज सिंह ने पत्र में कहा है कि ग्राम बेदौला में नगर पंचायत द्वारा निर्मित आरसीसी सड़क महज एक माह के भीतर जगह-जगह से उखड़ने और क्षतिग्रस्त होने लगी है। वहीं ग्राम नौगड़वा में बनी सड़क भी लगभग पांच माह के भीतर खराब होने की स्थिति में पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि इतनी कम अवधि में सड़कों का खराब होना निर्माण कार्यों में निर्धारित मानकों और गुणवत्ता के पालन को लेकर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि दोनों



सड़कों की स्वतंत्र एवं उच्चस्तरीय तकनीकी टीम से जांच कराई जाए। निर्माण में प्रयुक्त सीमेंट, बालू, मिट्टी, सरिया और अन्य सामग्री की गुणवत्ता की प्रयोगशाला में जांच के साथ आरसीसी सड़क की मोटाई, बेस और निर्धारित तकनीकी मानकों का भी परीक्षण कराया जाए।

शिकायती पत्र में निर्माण कार्यों के स्वीकृत आगणन, तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति, टेंडर प्रक्रिया, कार्यादेश, अनुबंध, माप पुस्तिका और भुगतान से संबंधित अभिलेखों की जांच कराने की मांग भी की गई है। साथ ही संबंधित ठेकेदार, अवर अभियंता, सहायक अभियंता एवं निर्माण कार्यों की निगरानी करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका और जवाबदेही तय करने की बात कही गई है। मनोज सिंह ने कहा कि यदि जांच में घटिया निर्माण सामग्री के प्रयोग, मानकों की अनदेखी अथवा सरकारी धन के दुरुपयोग की पुष्टि होती है तो दोषियों के खिलाफ कठोर विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जाए। क्षतिग्रस्त सड़कों का गुणवत्तापूर्ण पुनर्निर्माण कराकर उनकी जिम्मेदारी भी सुनिश्चित की जाए।